>

Title: Regarding construction of four-lane road between Parwanoo (Solan) and Shimla in Himachal Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): उपाध्यक्ष जी, नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा हिमालयन एक्सप्रेस वे, परवानू, सोलन में जो कि मेरे लोक सभा क्षेत्र का भाग है, बन गया है। इस के फोर-लेनिंग का भाग शिमला जो कि हिमाचल प्रदेश की राजधानी है, तक कार्य पूर्ण किया जाना बाकी है। इस पर लगभग 2,730 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे बी.ओ.टी. के माध्यम से बनाए जाने की योजना है। इस में कोई संदेह नहीं कि जब यह सड़क तैयार हो जाएगी तो परवानू से शिमला तक की दूरी सतृह किलो मीटर कम हो जाएगी। विभिन्न स्थानों पर सुंगें व फ्लाईओवर बनाने की योजना भी है, परन्तु फॉरेस्ट क्लियरेंस और लैंड एक्वीजिशन का कार्य पूर्ण न होने के कारण यह कार्य अधर में लटका हुआ है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उक्त सड़क को बनाए जाने में जो भी दिक्कतें केन्द्र सरकार के कारण हैं, उसे तुंत पूरा कर के इस का निर्माण कार्य शुरू किया जाए ताकि समयबद्ध कार्यक्रमानुसार इसे पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जा सके।

इस के साथ-साथ हालांकि इस की अब अलग से अलाइनमेंट की गयी है। परन्तु, इस का खास ध्यान रखा जाए कि जापली, धर्मपुर, सोलन, कंडाघाट जैसे व्यापारिक ठिकानों को न छेड़ा जाए। इस प्रकार का ध्यान हाईवे ऑथोरिटी को रखने के लिए सरकार आदेश करे।